हरिभूमि
# भिवानी-दादरी भूमि
रोहतक, शुक्रवार 14 जून , 2024



11 खराब हुई फसल का मुआवजा देने की मांग



12 सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में सड़कों पर उतरे सफाई कर्मचारी




## खबर संक्षेप

### कोए तो म्हारे बवानी खेड़ा की लाइटां कानी ध्यान दो

**बवानीखेड़ा।** कस्बा बवानी खेड़ा के हांसी चुंगी से लेकर नागरिक अस्पताल तक स्ट्रीट लाइट व हाई मास्ट लाइटों की समस्या को लेकर कस्बावासियों का गुस्सा सातवें आसमान पर पहुंचकर गया। जिसको लेकर कस्बावासियों ने बुधवार रात्री रोड़ पर अंधेरे में खड़े होकर प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की व एक सप्ताह में समाधान न होने पर मुख्यमंत्री के समक्ष पेश होकर शिकायत करके समाधान करवाने की बात कही। कस्बावासियों में कपिल देवए विनोद गोरियाए हनुमान पाराशरए अनिल कुमारए नोमियाए विष्णुए राहुल गोरिया आदि ने बताया कि कुछ वर्ष पहले लाखों की लागत से बवानी खेड़ा की हांसी चुंगी से लेकर नागरिक अस्पताल तक स्ट्रीट लाइट व हाई मास्ट लाइटों को लगाया गया था।

### पानी की समस्या को लेकर की नारेबाजी

**बवानीखेड़ा।** बवानी खेड़ा के आधीन आने वाले गांव रतेरा के जलघरों में पानी की काफी कमी है तो वहीं दूसरी और किसानों को खेतों में पानी किल्लत चल रही है जिसके चलते ग्रामीणों एव किसानों ने रोष प्रदर्शन करते हुए नारेबाजी की व किसानों को खेतों की सिंचाई के लिए पानी व्यवस्था कराने सहित जलघरों को फुल करवाने की बात कही। ग्रामीणों एवं किसानों में चेतन प्रकाश, विजय राघव, सुरेन्द्र, रमन, लखविन्द्र, बलराज आदि ने बताया कि उनके खेतों में पानी की काफी कमी है। पानी शनिवार को आया और बुधवार को नहर आधी हो गई।

### चिकित्सकों की लापरवाही से गई अधेड़ की आंख

**भिवानी।** इंसान उपचार तो इसीलिए करवाता है कि शरीर निरोगी हो जाए, लेकिन जब चिकित्सकों की अनदेखी के चलते रोगी के जीवन में अंधेरा छा जाए तो क्या कहईएगा। भिवानी के राजेंद्र गुरुग्राम में अपनी आंख का ऑप्रेशन करवाने गए थे, लेकिन विशेषज्ञों ने ऐसी करामात की कि उनकी आंखों की रोशनी ही चली गई और एक के बाद एक तीन ऑप्रेशन करने के बाद भी उनके खुदा के रहम पर डॉ. राजेंद्र प्रसाद नेत्र संस्थान में भर्ती करवा दिया गया। आर्थिक रूप से जो नुकसान हुआ सो हुआ। 27 फरवरी को राजेंद्र ने गुरूग्राम के एक अस्पताल में आंख का ऑप्रेशन करवाया था।

# नागरिक अस्पताल में रूई से लेकर सूई तक की नहीं है सुविधाएं

दीपक कुमार ⏭ डुमड़ा

बवानी खेड़ा के चर्तरभुज लाजपतराय जनरल हॉस्पिटल में मरीजों के लिए रूई से लेकर सूई तक की समस्या बनी हुई है। मरीजों के परिजनों को चिकित्सकों की सलाह पर अस्पताल से बाहर निजी मैडिकल स्टोर से दवाएं लाने को मजबूर होना पड़ रहा है। वहीं दूसरी और चिकित्सकों ने भी अस्पताल में दवाइयों की कमी को स्वीकारते हुए बताया कि जो उपर से दवा आ रही हैं वितरित किया जा रहा है व बाकि मजबूरन बाहर से मंगवानी पड़ रही है। वहीं अस्पताल के जनरल वार्ड में दाखिल मरीजों में टेकचंद, रामनिवास, सिलकराम, शांति, निखिल शर्मा आदि ने बताया कि इस अस्पताल में दाखिल मरीजों के लिए पंखे कुलर की व्यवस्था तो है लेकिन कूलर में पानी की मोटर जली हुई है।

**खास बातें**

- चिकित्सकों ने भी अस्पताल में दवाइयों की कमी को स्वीकारते हुए बताया कि जो उपर से दवा आ रही हैं वितरित किया जा रहा है व बाकि मजबूरन बाहर से मंगवानी पड़ रही

*अस्पताल में दाखिल मरीजों ने बताया सरकार करती है बड़े बड़े दावे, धरातल पर कुछ भी नहीं*



**50 बेड का अस्पताल, सुविधाओं का टोटा**

नागरिक अस्पताल कांग्रेस राज में 50 बेड का किया गया था, लेकिन इस अस्पताल के बैडों की हालत क्या है ये मरीजों से बेहतर कौन जा सकता है। बैड खुद बीमार दिखाई देते हैं। मरीजों के बैठने पर वे स्वयं मरीज की भांति हिलने लगते हैं तो कुछ जमीन पर धूल चाट रहे हैं।

**गलुकोज के लिए सूई भी मोल की**

मरीजों व अभिभावकों की मानें तो नागरिक अस्पताल बवानीखेड़ा के हालात इतने खराब है यहां गलुकोज की बोतल लगवाने के लिए सरिंज तक बाहर से लाना पड़ रहा है। मरीजों की मानें तो खांसी, गैस कैप्शूल, शुगर, रेबिज आदि दवा व इंजेक्शन समाप्त हो चुके हैं जिसके लिए उन्हें बाहर से खरीदकर अपनी जेबें ढ़ीली करनी पड़ रही हैं। कर्मचारियों ने भी नाम न छापने की सूरत में बताया कि वे स्पेशल निजी वाहन करके भिवानी से दवा लेने के लिए गए लेकिन उन्हें यह कहकर वापिस भेज दिया गया की उनकी सप्लाई की तारीख अभी पेंडिंग है जिसके चलते वे वापिस लौट आए। हालांकि वे पहले कुछ दवा लेकर आए थे। लेकिन अस्पताल स्टोर में दवाओं की अधिक मात्रा में कमी है। जिससे मरीजों का हौंसला टूटता हुआ व गुस्सा बढ़ता नजर आ रहा है।

**क्या कहते हैं अधिकारी**

इस बारे में नागरिक अस्पताल के चिकित्सा अधिकारी रवि कुमार, विनय कुमार ने बताया कि जो दवाइयां विभाग द्वारा दी जा रही हैं उन्हें मरीजों को वितरित किया जा रहा है,जरूरत पड़ने पर मजबूरन बाहर से दवाइयां मंगवानी पड़ रही हैं। विभाग को इसके बारे में लिखा गया है।

## पीने के पानी को लेकर रोहतक रोड पर जाम

# पानी को लेकर हाहाकार,नहरों में पहुंचा कम पानी, लोग सड़कों पर उतरने को मजबूर






भिवानी। जाम में फंसे वाहनों का दृश्य व पानी की मांग को लेकर रोड जाम कर रहे लोगों को समझाते हुए। फोटो :हरिभूमि

- पानी की समस्या को लेकर वीरवार को बैंक कॉलोनी के लोगों ने रोहतक रोड पर जाम लगाया

हरिभूमि न्यज ⏭ भिवानी

पीने के पानी को लेकर बैंक कॉलोनी व आसपास के इलाकों के लोगों का धर्य जवाब दे गया। पानी की समस्या को लेकर वीरवार को बैंक कॉलोनी के लोगों ने रोहतक रोड पर जाम लगा दिया। इस दौरान जिला प्रशासन के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। बाद में अधिकारियों के आश्वासन के बाद ही प्रदर्शनकारी जाम खोलने को राजी हुए। प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि अगर उनकी समाधान नहीं हुआ तो वे फिर से इसी मार्ग पर जाम लगाने को मजबूर होंगे। पीने के पानी की मांग को लेकर बैंक कॉलोनी की महिलाएं 12 बजे सड़क पर उतर आई। महिलाओं ने लकड़ी व पत्थर लगाकर वाहनों को रोकना आरंभ कर दिया। जाम की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने लोगों से जाम हटाने के लिए कहा,लेकिन प्रदर्शनकारी मौके पर पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों के आने की बात पर अड़ गए। महिलाओं ने बताया कि करीब एक माह से पीने के पानी की सप्लाई डिस्टर्ब है। पानी की सप्लाई आने का कोई वक्त नहीं है। कभी देर रात तो कभी दिन में पानी की सप्लाई दी जाती है। पानी की सप्लाई का प्रेशर न होने की वजह से कॉलोनी व गली के अंतिम छोर तक पानी नहीं पहुंच पा रहा है। एक सप्ताह से तो पानी की सप्लाई पहुंच ही नहीं रही है। जिसकी वजह से पीने के पानी को लेकर दर दर भटकना पड़ रहा है। बाद में पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों के शीघ्र समस्या का समाधन किए जाने का आश्वासन दिया।

**हैंडपम्पों से लाना पड़ रहा है पानी**

महिलाओं ने बताया कि पीने के पानी का विकट संकट बना हुआ है। पानी की सप्लाई न आने की वजह से पानी के लिए उनको दूर दराज के इलाकों में स्थित हैडपम्पों के सहारे अपनी प्यास बुझानी पड़ रही है। हैंडपम्पों से पानी लाने में उनको समय की बर्बादी के साथ.साथ आर्थिक परेशानी भी सहनी पड़ रही है। पानी की सप्लाई को लेकर जब पब्लिक हेल्थ के अधिकारियों से शिकायत की जाती है तो व जल्द ही समस्या का समाधान करवाए जाने का आश्वासन देते है,लेकिन अभी तक उनकी इस समस्या का समाधान नहीं हो पाया है।

**नहरों में पहुंचा कम पानी**

बताया जा रहा है कि नहरी विभाग ने जिले की नहरों के लिए 22 सौ क्यूसेक पानी छोड़े जाने की मांग भेजी थी,लेकिन यमुना में पानी कम होने की वजह से मोहल्ला हैड से केवल 1000 क्यूसेक पानी मिला है। ऐसे में कभी किसी नहर तो कभी किसी नहर को चालू करके उस पर पड़ने वाले जलघरों को पानी से भरा जाता है। बारिश होने तक इसी तरह नहरों में पानी की कमी रहने के आसार है। क्योंकि फिलहाल गर्मी ज्यादा पड़ने से पीने के पानी की खपत ज्यादा है। जिसके चलते जिले में नहरी पानी की समस्या बनी हुई है।



भिवानी। पानी की मांग को लेकर अधिकारियों से मिलने जाते हुए।

# शहर में चरमराई पेयजल और सीवरेज व्यवस्था

- अधिकारियों से मिले परेशान शहरवासी

हरिभूमि न्यज ⏭ भिवानी

भीषण गर्मी में शहरवासी इन दिनों पेयजल संकट से ही नहीं बल्कि दूषित पेयजल से भी परेशान हैं। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि वो इन जनसमस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करे यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेताएऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त कांग्रेस पार्टी के रेवाड़ी एवं महेंद्रगढ़ कॉर्डिनेटर डॉ.पवन बुवानी वाला ने शहर में चरमराई पेयजल व सीवरेज व्यवस्था के समाधान को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से मिलने पहुंचे शहरवासियों का नेतृत्व करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शहर की अधिकतर कालोनियों में या तो पानी मिल ही नहीं रहा और किसी तरह मिल रहा है तो वह पीने लायक नहीं है। पिछले महीनेभर से शहरवासी भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। अधिकतर कालोनियों में तीन.तीन तक पानी नहीं आता तो विभाग एक दिन छोड़ एक दिन सप्लाई का दावा कर रहा है। पानी कम होने के कारण ट्यूबवेल का पानी सप्लाई में मिक्स किया जा रहा है। टेल तक पानी नहीं पहुंचने के कारण हर रोज औसतन एक सौ से अधिक टैंकर पानी सप्लाई तो स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इतने ही विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे टैंकरों से हो रही है। काफी पानी लोग खरीदकर पीने को मजबूर हैं। पेयजल संकट के साथ अब दूषित पेयजल की बड़ी समस्या बन गई है। पिछले दिनों विभाग द्वारा लिए गए पीने के पानी के 105 सैंपल फेल हो गए हैं। इतना ही नहीं आरओ प्लांटों से शहरभर में कैंपर से सप्लाई हो रहे पानी के सैंपल भी फेल मिले हैं। दूषित पानी का असर सीधा लोगों के स्वास्थ्य पर पड़ रहा है। जिससे लोग उल्टी.दस्त, पेट दर्द, बुखार के शिकार हो रहे हैं।

# अवैध खनन पर डीसी मनदीप कौर का सख्त एक्शन

- पिचोपा कलां के एक स्टोन क्त्रशर का लाइसेंस रद्द करने की सिफारिश की

हरिभूमि न्यूज ⏭ बाढ़ड़ा

उपायुक्त एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की अध्यक्ष मनदीप कौर अवैध खनन पर कड़ा संज्ञान लिया है। उपायुक्त की सिफारिश पर जिला खनन अधिकारी ने विभाग के महानिदेशक को पिचोपा कलां के एक स्टोन क्त्रशर का लाइसेंस रद्द करने को लिखा है। जिला खनन अधिकारी ने पत्र में लिखा है कि लाइसेंस संख्या एल.81 के साथ मेसर्स धर्मपाल स्टोन क्त्रेशर, गांव पिचोपा कलांए जिला चरखी दादरी को 5 अक्टूबर 2023 से 4 अक्टूबर 2026 की अवधि के लिए स्टोन क्त्रशिंग लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह स्टोन क्त्रशर गांव पिचोपा कलां, जिला चरखी दादरी के अधिकार क्षेत्र में आता है, जहां पिचोपा कलां.3 नामक खनन पट्टा, अर्थात मेसर्स जय दादा डोहला स्टोन माइन भी वर्तमान में संचालन में है। मेसर्स जय दादा डोहला स्टोन माइन, पिचोपा कलां.3 के पट्टेदार ने 15 अप्रैल को पत्र के माध्यम से सूचित किया कि क्त्रशर द्वारा खनन के हिस्से पर कथित रूप से अतिक्त्रमण किया गया है और उस क्षेत्र का उपयोग अपने वाहनों यानी हाइवा ट्रक आदि को पार्क करने के लिए किया जा रहा है। विभाग के कर्मियों के साथ पिचोपा कलां.3 स्टोन माइन के इस पट्टा क्षेत्र का निरीक्षण किया और पाया कि मेसर्स धर्मपाल स्टोन क्त्रेशर, एल.81 ने मेसर्स जय दादा डोहला पिचोपा कलां.3 स्टोन माइन के पट्टा क्षेत्र की सीमा में कथित रूप से अतिक्रमण किया है।

**कार्यक्रम** चौधरी बंसी लाल विवि की अनूठी पहल, विभिन्न क्षेत्रों के प्रतिष्ठित उधमियों से बैठक कर मांगे सुझाव

# स्वर्ण जयंती पर यूनिवर्सिटी कॉलेज में शुरू होंगे 8 विभिन्न स्नातक नए कोर्सेज

- अब लोकल इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार विद्यार्थियों को स्किल्ड बनाएगी यूनिवर्सिटी
- यूनिवर्सिटी नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कई जॉब ओरिएंटेड कोर्सेज चलाएगी,व्याहारिक ज्ञान पर रहेगा जोर

हरिभूमि न्यज ⏭ भिवानी



भिवानी। आयोजित बैठक में उपस्थित अधिकारी। फोटो :हरिभूमि

चौधरी बंसी लाल विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी की अगुवाई में आज विश्वविद्यालय द्वारा भिवानी के प्रतिष्ठित उधमियों की बैठक बुलाई गई और लोकल इंडस्ट्री की जरूरत के अनुसार नए कोर्सेज प्रारंभ करने तथा विद्यार्थियों को स्किल्ड करने पर गहनता से विचार विमर्श किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता करते हुए कुलपति प्रो दीप्ति धर्माणी ने सभी उद्यमियों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय आप सभी के सहयोग से शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित करने की दिशा में कदम बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को स्थानीय स्तर पर ही लोकल इंडस्ट्री में रोजगार उपलब्ध करवाने के उद्देश्य से उद्यमियों संग यह संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया है ताकि लोकल इंडस्ट्री के अनुसार विद्यार्थियों को स्किल्ड कर रोजगार उपलब्ध करवाया जा सके। उन्होंने कहा कि हम सब मिलकर विद्यार्थियों को स्किल्ड बनाने और व्यावहारिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप कई नए कोर्सेज प्रारंभ करेंगे जोकि विद्यार्थियों को रोजगार और स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरियां सीमित हैं ऐसे में समाज के सहयोग से चार वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्सेज प्रारंभ किए जायेंगे जिनमें एक वर्ष पूर्ण होने पर सर्टिफिकेटए दो वर्ष पर डिप्लोमा और तीन वर्ष पर डिग्री मिलेगी और चार वर्ष पूर्ण करने पर रिसर्च वर्क के साथ डिग्री मिलेगी। इन कोर्सेज में विद्यार्थी डेढ़ साल तक यूनिवर्सिटी में पढ़ाई करेगा और डेढ़ साल तक कंपनी या इंडस्ट्री में व्यावहारिक एवं तकनीकी ज्ञान प्राप्त करेंगे और डिग्री पूर्ण होने पर उन्हें इंडस्ट्री में रोजगार उपलब्ध होगा या वह अपना रोजगार बनाने में सक्षम होंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के पुराने कैंपस में स्वर्ण जयंती यूनिवर्सिटी कॉलेज खुलेगा जिसमें स्नातक स्तर के 8 विभिन्न नए कोर्सेज प्रारंभ होंगे। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा उठाए गए इस महत्वपूर्ण कदम का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को स्वावलंबी बनाकर स्वावलंबी एवं आत्म निर्भर भारत अभियान में पूर्ण सहभागी बनाना है। ताकि 2047 तक भारत को पूर्ण रूप से आत्मनिर्भर बनाने के देश के यशस्वी प्रधानमंत्री के स्वप्न को साकार किया जा सके।

**स्नातक में ये नए 8 कोर्सेज प्रारंभ होंगे**

बीएससी फिजिकल साइंस,बैचलर ऑफ लिबरल आर्ट्स, बीसीए इंडस्ट्री इंटीग्रेटेड, बीकॉम डाटा एनालिसिस, बीबीए, बीपीईएस,बैचलर ऑफ फैशन डिजाइनिंग, बीएससी मेजर इन फिजिक्स सेमी कंडक्टर टेक्नोलॉजी इन्ही सब कोर्सेज में दाखिले 13 जून से आरंभ किए गए हैं जोकि 28 जून तक चलेंगे। दो दिन 29 और 30 जून तक फॉर्म अपडेशन में रिजल्ट अपडेट करने के लिए दिए गए हैं। यूनिवर्सिटी द्वारा दाखिला पोर्टल खोल दिया गया है जिस पर दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी विश्वविद्यालय द्वारा निर्धारित शेड्यूल के मुतबिक दाखिला पोर्टल पर ऑनलाइन अप्लाई कर सकते हैं।

सेलिब्रेशन / अनुराग मनींद्र



हर बच्चे को अपने पापा से बहुत प्यार होता है, लेकिन वह इसे ना कह पाता है, ना जता पाता है। फादर्स-डे एक ऐसा मौका है, जब तुम अपने पापा के लिए दिल में जो फीलिंग्स रखते हो, उसे एक्सप्रेस कर सकते हो। इस खास दिन पर तुम्हारा प्यार और सम्मान पाकर पापा बहुत खुश होंगे। फादर्स-डे पर तुम अपने पापा के साथ अपनी फीलिंग्स कैसे शेयर करो, जानो।

# अपने पापा से बोलो यू आर द बेस्ट !

बच्चों, हम सभी के लिए हमारे पापा किसी सुपर हीरो की तरह होते हैं। वह हमारी हर ख्वाहिश ही नहीं, हर छोटी-बड़ी जरूरतों का भी ध्यान रखते हैं, इन्हें पूरा भी करते हैं। हमारी हर फरमाइश को झट से पूरी कर देते हैं, लेकिन ऐसी कोई फरमाइश पूरी नहीं करते, जिससे हमारा नुकसान हो। हमारे पापा किसी तरह की प्रॉब्लम होने पर या किसी मुसीबत में घिरने पर हमें उससे उबारते भी हैं। इस तरह वह हमेशा हमारे साथ खड़े रहते हैं। वह हमारे सुरक्षित जीवन को लेकर चिंतित रहते हैं। साथ ही हमारे उज्ज्वल भविष्य के लिए भी प्रयासरत रहते हैं।



## हमारा भी है पापा के प्रति फर्ज

बच्चों, जब हमारे पापा हमारा इतना ध्यान रखते हैं तो हमारा भी उनके प्रति फर्ज है कि हम भी उनके लिए कुछ अच्छा करें। वैसे तो हमें हर दिन अपने पापा के प्रति प्यार और सम्मान प्रकट करना चाहिए। लेकिन जब मौका फादर्स-डे का हो तो हमें उन्हें कुछ स्पेशल जरूर फील करवाना चाहिए। बच्चों, यहां हम तुम्हें कुछ आइडियाज दे रहे हैं, इनमें से कोई आइडिया फादर्स-डे पर अपना कर अपने पापा को स्पेशल फील करा सकते हो।

## पापा से शेयर करो अपनी फीलिंग्स

फादर्स-डे पर अपने पापा को यह जरूर बताओ कि वे तुम्हारे लिए कितने इंपॉर्टेंट हैं। तुम उनसे बहुत प्यार करते हो, उनकी बहुत रेस्पेक्ट भी करते हो। वह 'दुनिया के बेस्ट पापा' हैं। यह बात तुम कुछ अलग ढंग से भी कह सकते हो, जैसे- उनके व्हाट्सएप पर वॉइस-मैसेज भेज सकते हो या फिर पापा के नाम प्यारा-सा लेटर भी लिख कर तुम उनके प्रति अपनी फीलिंग्स एक्सप्रेस कर सकते हो। पापा जब तुम्हारा वॉइस-मैसेज सुनेंगे या लेटर पढ़ेंगे, उन्हें बहुत ही अच्छा लगेगा, वह बहुत खुश होंगे।



## पापा को दो प्यारा-सा गिफ्ट


फादर्स-डे वाले दिन तुम अपने प्यारे पापा को कोई लवली गिफ्ट भी दे सकते हो। तुम्हें पॉकेट मनी तो मिलती ही होगी, तुम उसी में सेव की हुई मनी या फिर मम्मी से पैसे लेकर अपने पापा के लिए कोई अच्छा-सा गिफ्ट खरीद कर उन्हें दे सकते हो। तुम अपने पापा को पेन, टाई, बेल्ट, वॉलेट, शर्ट, परफ्यूम या कॉफी मग जैसी कोई ऐसी चीज गिफ्ट में दे सकते हो, जो उनके काम की हो। जब उन्हें इस तरह का कोई गिफ्ट मिलेगा, वे बहुत खुश होंगे। उन्हें लगेगा कि तुम उनका कितना ख्याल रखते हो। इसके अलावा तुम पापा को अपने हाथों से बनाया कोई प्यारा-सा कार्ड भी दे सकते हो।

## अपने पापा की मानो हर बात

बच्चों, जैसे पापा तुम्हारी हर फरमाइश पूरी करते हैं, वैसे ही तुम्हें भी अपने पापा की हर बात माननी चाहिए। इस बात का ध्यान रखो, वे जो भी कहते हैं, तुम्हारी भलाई के लिए ही कहते हैं। अगर तुम उनकी बताई और समझाई बातों पर अमल करोगे तो निश्चित ही जीवन में सफल होगे। यह ध्यान रखो, तुम्हारी खुशी में ही तुम्हारे पापा की खुशी है। तो बच्चों इस फादर्स-डे पर अपने आप से प्रॉमिस करो कि तुम अपने पापा की हर बात मानोगे। बच्चों, तुम्हारी यह कोशिश होनी चाहिए कि कुछ ऐसा करते रहो, जिससे तुम्हारे पापा को तुम पर प्राउड हो। यह पापा के लिए तुम्हारी तरफ से बेस्ट गिफ्ट होगा। उन्हें खुशियों से भर देगा। *

## अपने पापा के पापा को नहीं भूलना

बच्चों, तुम्हारे पापा-मम्मी 'फादर्स-डे' पर अपने-अपने पापा यानी तुम्हारे दादाजी और नानाजी को विश करेंगे ही! तुम भी उन्हें जरूर विश करना। अगर तुम्हारे दादाजी तुम्हारे साथ रहते हैं, तो फादर्स-डे पर तुम उन्हें विश करो। यह ना भूलो कि वह तुम्हारे पापा के पापा हैं, घर में सबसे बड़े हैं, उन्हें सबका प्यार और सम्मान मिलना ही चाहिए। अगर दादाजी तुम्हारे साथ नहीं रहते हैं, अपने होम टाउन में रहते हैं तो उन्हें वॉयस-कॉल या वीडियो-कॉल करके विश करो, उन्हें बहुत अच्छा लगेगा। सिर्फ दादाजी को ही नहीं, तुम अपनी मम्मी के पापा यानी अपने नानाजी को भी 'हैप्पी फादर्स-डे' कहकर जरूर विश करो, उन्हें भी बहुत ज्यादा खुशी होगी।



जानकारी / नयनतारा

# फादर्स-डे की कब हुई शुरुआत

हर बच्चे को अपने पापा दुनिया के सबसे प्यारे, न्यारे पापा लगते हैं। इसलिए बच्चे, फादर्स-डे को बहुत उत्साह-उमंग से सेलिब्रेट करते हैं। क्या तुम जानते हो फादर्स-डे की शुरुआत कब से और किस देश से हुई, जानो।




बच्चों, अपने पिता के प्रति सम्मान और प्यार प्रकट करने के लिए हम प्रत्येक वर्ष जून माह के तीसरे रविवार को फादर्स-डे मनाते हैं। फादर्स-डे की शुरुआत कब से और कहां से हुई? यह तुम जरूर जानना चाहोगे। हम यहां इसकी पूरी जानकारी विस्तार से तुम्हें दे रहे हैं।

**एक बेटी ने की शुरुआत :** बच्चों, अमेरिका की सोनोरा स्मार्ट डोड नाम की महिला ने अपने और दुनिया के सभी पिताओं को सम्मान दिलाने के लिए फादर्स-डे मनाने की शुरुआत की। असल में सोनोरा ने देखा कि उसके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट अपने बच्चों से बहुत प्यार करते थे। सोनोरा ने यह भी देखा-जाना कि जिस तरह से उसके पिता अपने सभी बच्चों से प्यार करते हैं, हर तरह से अपने बच्चों के सुख और उनकी खुशी के लिए समर्पित रहते हैं, वही प्यार और समर्पण सभी पिताओं में अपने बच्चों के प्रति दिखता है। ऐसे में सोनोरा के दिमाग में आया कि बच्चों का भी फर्ज बनता है कि वे अपने पिता के प्यार, समर्पण और त्याग के लिए कृतज्ञता व्यक्त करें। उनकी इसी सोच ने उन्हें फादर्स-डे मनाने के लिए प्रेरित किया। बस फिर सोनोरा स्मार्ट डोड ने फादर्स-डे मनाया। उसने हर साल इसे सेलिब्रेट किया, दूसरे लोग भी सोनोरा की तरह इसे सेलिब्रेट करने लगे।



सोनोरा स्मार्ट और उनके पिता विलियम जैक्सन स्मार्ट

**फादर्स-डे के लिए तय हुआ जून का तीसरा रविवार :** जब अमेरिका में जगह-जगह फादर्स-डे मनाया जाने लगा तो राष्ट्रपति लिंडन जॉनसन ने साल 1966 में जून महीने के तीसरे रविवार को पिताओं के सम्मान में फादर्स-डे के रूप में मनाए जाने के प्रस्ताव पर हस्ताक्षर किया। बाद में 1972 में अमेरिका में फादर्स-डे पर सरकारी छुट्टी घोषित की गई। इसके बाद से दुनिया के लगभग सभी देशों में फादर्स-डे मनाए जाने की शुरुआत हुई। हाल के वर्षों में भारत में भी यह बहुत उत्साह से मनाया जाने लगा।

**अलग-अलग डेट्स पर फादर्स-डे :** बच्चों, अमेरिका के साथ-साथ भारत, ब्रिटेन, कनाडा जैसे ज्यादातर देशों में फादर्स-डे जून महीने के तीसरे रविवार को ही मनाया जाता है। लेकिन बहुत-से देशों में यह अन्य तारीखों और दिनों को भी मनाया जाता है। ऑस्ट्रेलिया में यह सितंबर के पहले रविवार को मनाया जाता है। नॉर्वे, स्वीडन और फिनलैंड में नवंबर के दूसरे रविवार को मनाया जाता है। ताइवान में यह आठवें महीने की आठ तारीख यानी आठ अगस्त को मनाते हैं, क्योंकि मैंडरिन भाषा में आठ यानी 'एट' का उच्चारण 'डैड' से मिलता-जुलता होता है। इस तरह फादर्स-डे आज दुनिया के अधिकांश देशों में लोग सेलिब्रेट करते हैं। लोग अपने पिता के प्रति अपनी प्यारी और खूबसूरत भावनाएं प्रकट करते हैं। पिता भी अपने बच्चों का प्यार पाकर बहुत खुश होते हैं, उन्हें अपना आशीर्वाद देते हैं। बच्चों, तुम भी हर बार फादर्स-डे जरूर मनाया करो। हैप्पी फादर्स-डे...! *

## जीके क्विज-108

1. हाल में आंध्र प्रदेश और ओड़ीशा राज्य के मुख्य मंत्री पद की शपथ किसने ली है?
2. कुछ समय पूर्व ही 55 वर्ष की आयु में माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली सबसे उम्रदराज भारतीय महिला कौन बनी हैं?
3. गाजर में कौन-सा विटामिन प्रचुर मात्रा में पाया जाता है?
4. 'हिंद स्वराज' नामक पुस्तक किसने लिखी?
5. भारत में मुगल साम्राज्य की स्थापना किसने की थी?
6. मैकमोहन रेखा किन दो देशों के बीच सीमा बनाती है?
7. त्रिपिटक का संबंध किस धर्म से है?
8. दूध की शुद्धता मापने के लिए किस यंत्र का प्रयोग किया जाता है?
9. उस्ताद जाकिर हुसैन का संबंध किस वाद्य यंत्र से है?
10. भारत में मीठे पानी की सबसे बड़ी झील कौन-सी है?



बच्चों, जीके क्विज-108 का उत्तर बालभूमि के अगले अंक में प्रकाशित किया जाएगा। सही जवाब देने वाले बच्चों के नाम भी प्रकाशित किए जाएंगे। तुम अपने जवाब हमें **balbhoomihb@gmail.com** पर मेल कर सकते हो।

**जीके क्विज-107 का उत्तर :** 1.अग्निबाण, 2.भारतीय जनता पार्टी (भाजपा), 3.आगरा, 4.बांग्लादेश, 5.सरदार वल्लभ भाई पटेल, 6.गंगा डॉल्फिन, 7. तैराकी (स्वीमिंग), 8.असम, 9. बंकिमचंद्र चट्टापाध्याय, 10.बंबई से ठाणे

**जीके क्विज-107 का सही उत्तर देने वाले :** नितिन-दुर्ग, हर्षिता-ईमेल से, अभि-शहडोल, मानवी मधुकर-बिलासपुर, क्षमानिधि-बेमेतरा, पोषण-बेमेतरा, शुभम-बिलासपुर, पवन-जींद, दीक्षा-रायपुर, सरबजीत-करनाल, बी. आकांक्षा-अहमदाबाद, बी. ईशान-अहमदाबाद

## हंसगुल्ले

**पापा :** आज मैथ्स के टेस्ट में तुम्हारे कितने नंबर आए?
**सोनू :** मोनू से 20 नंबर कम।
**पापा :** अच्छा, मोनू के कितने नंबर आए?
सोनू : 20 नंबर।

-रंजीत, हिसार

**नव्या :** अगर नदी में नीबू का पेड़ है, तो नीबू कैसे तोड़ेंगे?
**नैंसी :** चिड़िया बनकर।
**नव्या :** अरे, तुम्हें चिड़िया कौन बनाएगा?
**नैंसी :** वही, जिसने नदी में नीबू का पेड़ लगाया होगा।

-खुशबू, रायपुर



**मम्मी :** तुम क्या लिख रहे हो बेटा?
**रोहन :** मम्मी, मैं गर्मी को लेटर लिख रहा हूं।
**मम्मी :** अच्छा! क्या लिख रहे हो लेटर में?
**रोहन :** 'डियर गर्मी, हिम्मत है तो दिसंबर-जनवरी में आओ।'

-शुभम, भोपाल

कहानी

डॉ. मंजरी शुक्ला

मयंक अपने पापा को फादर्स-डे पर टचस्क्रीन वाला मोबाइल गिफ्ट देना चाहता था, क्योंकि पुराने की-पैड वाले मोबाइल के इस्तेमाल से पापा की अंगुलियों में जोरों से दर्द होता था। मोबाइल लेने के चक्कर में मयंक ने नादानी में एक ऐसी हरकत की, जो उसे नहीं करनी चाहिए थी। मयंक को बहुत आत्मग्लानि हुई। क्या मयंक के पापा को नया मोबाइल मिल सका?

# हैप्पी फादर्स-डे



मयंक बैठा कुछ सोच रहा था। मम्मी सामने आईं तो बोला, 'मुझे पापा को नया मोबाइल लाकर देना है।' मम्मी को यह सुनकर हंसी आ गई, वह बोलीं, 'तू अभी इतना छोटा है। आठवीं कक्षा में पढ़ता है, तेरी कोई कमाई-वमाई है नहीं, कहां से लाएगा मोबाइल?'

'पर पापा का मोबाइल कितना खराब हो चुका है।' मयंक दुखी स्वर में बोला। मम्मी ने मयंक को दुखी देखा तो आगे कुछ नहीं बोलीं। चुपचाप वहां से चली गईं। मयंक घर से बाहर निकल आया। सड़क की ओर अपने ऑटो में बैठे पापा छोटे-से बटन वाले मोबाइल के साथ जूझ रहे थे।

मयंक उनके पास जाकर बोला, 'जब आपके अंगूठे की हड्डी बढ़ी हुई है, अंगुलियों में सूजन रहती है तो टचस्क्रीन वाला मोबाइल ले लीजिए ना। उसे यूज करने में आपको परेशानी नहीं होगी।'

पापा ने अपने पुराने से पीले और काले रंग के ऑटो की तरफ देखा और बोले, 'मैं तो सारा दिन ऑटो चलाता हूं। किसी को फोन करता ही नहीं। यह मोबाइल तो सिर्फ इसलिए है, लोग मुझे फोन करके बुला सकें।'

मयंक को रोना आ गया। वह बिना कुछ कहे चल दिया और कुछ दूर जाकर बैठ गया। उसने देखा कि मोबाइल का बटन जोर से दबाने के कारण पापा के हाथ में दर्द होता है, वे 'आह' बोलते हैं। तभी मयंक का दोस्त अमित आ गया। मयंक को देखते ही अमित बोला, 'मैं पापा के लिए 'फादर्स-डे' का गिफ्ट लेने जा रहा हूं। तू मेरे साथ चलेगा?'

'क्या देगा गिफ्ट में?' मयंक ने उत्सुकता से पूछा।

'मोबाइल!' कहते हुए अमित मुस्कुराया। मयंक को और जोर से रोना आ गया। उसने पापा की तरफ देखा जो मोबाइल की घंटी बजने के बाद भी बटन नहीं दबा पा रहे थे। वह आंसू पोंछते हुए अमित के साथ चल दिया। मोबाइल की दुकान पर बहुत भीड़ थी। अमित बोला, 'आज दुकानदार शायद किसी नौसिखिए को अपनी जगह बैठा गया है। देखो तो, कैसी धक्का-मुक्की मची हुई है।'

तभी मयंक की नजर एक मोबाइल पर पड़ी। उसने मन ही मन सोचा, 'सुनहरे रंग का यह खूबसूरत टच-स्क्रीन मोबाइल अगर मैं ले लेता हूं तो पापा को पुराने बटन वाले मोबाइल से छुटकारा मिल जाएगा।' मयंक ने भीड़ का फायदा उठाते हुए कांपते हाथों से मोबाइल उठाकर पैंट की जेब में डाल लिया। तब तक अमित ने अपने मोबाइल के पैसे दे दिए थे। दोनों दुकान के बाहर आ गए।

अमित बोला, 'मैंने कब से सोच रखा था, फादर्स-डे पर पापा को मोबाइल देने के लिए।'

'तुम्हारे पास पैसे कहां से आए?' मयंक ने पूछा।

अमित ने बताया, 'मेरे घर के पास एक आंटी घायल और बीमार डॉगीज के लिए एनजीओ चलाती हैं...।'

'हां-हां, देखा है मैंने। मैंने वहां पर कई डॉगीज भी देखे हैं।' मयंक बीच में ही अमित से बोला।

अमित ने आगे बताया, 'स्कूल से आने के बाद मैं रोज दो घंटे के लिए वहां जाता हूं। वहां डॉगीज को खाना देता हूं, उन्हें वेटरनरी डॉक्टर के पास ले जाता हूं। मुझे उनकी सेवा करके बहुत खुशी मिलती है। इस काम के बदले आंटी मुझे पैसे देती हैं, वो अलग।' अमित यह सब बहुत ही खुशी और गर्व के साथ बता रहा था।

'फादर्स-डे पर अपने पापा को चोरी का मोबाइल देकर क्या मैं गलत नहीं करूंगा? पापा को जब सच्चाई का पता चलेगा, तो उन्हें कितना दुख होगा, वह एक शर्मिंदगी महसूस करेंगे!' अमित की बातें सुनकर मयंक मन ही मन सोचने लगा।

मयंक को खयालों में गुम देखकर अमित ने उसे टोका, 'अब बीच सड़क पर खड़े होकर क्या सोचने लगे?'

'मैं अभी आया..।' कहते हुए मयंक ने दुकान की तरफ दौड़ लगा दी और भीड़ में जहां से मोबाइल उठाया था, वहीं रखकर वापस चला आया।

शाम को जब मयंक के पापा घर लौटे, तो वे अपने बेटे से बोले, 'सुबह तू मेरा दर्द देखकर बहुत दुखी था ना, तो मैंने किश्तों पर टचस्क्रीन मोबाइल ले लिया है।'

'पर मैं आपको कोई गिफ्ट नहीं दे पाया।' मयंक भरे गले से बोला।

'तू पढ़-लिख कर एक ईमानदार इंसान बने, बस यही मेरा सबसे बड़ा गिफ्ट है।' पापा ने प्यार से उसके सिर पर हाथ फेरते हुए कहा। मयंक खुशी के मारे उनके गले लग गया और सुबकते हुए धीरे से बोला, 'हैप्पी फादर्स-डे।' *

कविता

डॉ. नागेश पांडेय 'संजय'



## पापा जी

इतने अच्छे, सबको भाते पापा जी,
जाते सुबह, शाम को आते पापा जी।
हंसते-हंसते काम सभी निबटाते हैं,
बिल्कुल आलस नहीं दिखाते पापा जी।
बिना जगाए ही तड़के जग जाते हैं,
बोलो कहां अलार्म लगाते पापा जी।
तरह-तरह के योग नियम से करते हैं,
पूजा करते, ध्यान लगाते पापा जी।
खूब मिठाई, फल, मेवे, नमकीन अहा!
झोला भर-भर कर घर लाते पापा जी।
नहीं बहाना और नहीं आनाकानी,
जो भी चाहूं, मुझे दिलाते पापा जी।
समय मिले तो साथ खेलते-खाते हैं,
बच्चों में बच्चा बन जाते पापा जी।
दादी जी के सर में चंपी करते हैं,
दादा जी के पैर दबाते पापा जी।
सबकी सेवा में रहते मशगूल सदा,
सुख बरसाकर, सुख हैं पाते पापा जी।
अच्छे नंबर देख हमारे खुश होते,
हां जी, फूले नहीं समाते पापा जी।
कैसे उनकी सेवा करें, चलो सोचें,
खुद तो कुछ भी नहीं बताते पापा जी।

## रंग भरो-152

**रंग भरो-152** में दिए गए चित्र को तुम लोगों ने बहुत अच्छे से रंगकर हमें भेजा। उनमें से चुना गया सबसे अच्छा चित्र हम यहां प्रकाशित कर रहे हैं। उसे रंगकर भेजने वाले बच्चे के चित्र के साथ कुछ अन्य बच्चों के नाम और चित्र भी प्रकाशित कर रहे हैं।





दिव्यांश, दुर्ग



उदय, बालोद



रितेश, मटियारी



सृष्टि, रायपुर



अपर्णा, कबीरधाम



अंकिता, धमतरी

**इनके भी चित्र रहे प्रशंसनीय**

यशिका-बिलासपुर, टियांश-रायपुर, तक्षित-बिलासपुर, सारिका-हिसार, समृद्धि-शहडोल, सक्षम और समर्थ-रायपुर, रेणु-ईमेल से, राजनंदिनी-रायपुर, सुयश-बिलासपुर, पलक-धमतरी, ऐश्वर्या-कोंडागांव, शुभम-बिलासपुर, दिनकर-कटनी


## रंग भरो 153

बच्चों, यहां हम फादर्स-डे से जुड़ा एक चित्र दे रहे हैं। इस चित्र को मनचाहे रंगों से रंग कर हमें भेजो। जिस बच्चे का चित्र सर्वश्रेष्ठ होगा, उसे हम बालभूमि में प्रकाशित करेंगे। चित्र के साथ अपनी फोटो, अपना और शहर का नाम हमें इस पते पर भेजो- संपादक - फीचर, हरिभूमि कार्यालय, 129, ट्रांसपोर्ट सेंटर, पंजाबी बाग, पश्चिमी दिल्ली, नई दिल्ली- 110035 या ई-मेल आईडी balbhoomihb@gmail.com पर मेल करो।



## परछाई पहचानो

बच्चों, यहां अपने पापा के कंधे पर बैठकर मस्ती कर रहे बच्चे के चार चित्र और उसके बगल में एक परछाई दी गई है। तुमको जल्दी से यह बताना है कि यह परछाई किस चित्र की है?




उत्तर : D

## खबर संक्षेप



भिवानी। देर शाम आसमान में छाई काली घटा का दृश्य।

### बादलों ने पारे को दिया झटका, दो डिग्री पारा गिरा

**भिवानी।** फिर से 45 डिग्री सेल्सियस पारा पहुंचने के बाद वीरवार को बादलों ने झटका मारा। देर शाम आसमान में काली घटाए छाने की वजह से पारा दो डिग्री सेल्सियस नीचे लुढ़क गया। जिससे लोगों को कुछ हद तक गर्मी से राहत मिली। हालांकि बादलों के आसमान में रहने के दौरान ही मौसम थोड़ा सा नरम रहा,लेकिन बादलों के छंटने के बाद फिर से पारा उपर चढ़ने को उतारू नजर आया।



बाढड़ा। किसान भवन में आयोजित शिविर में मौजूद लोग

### पर्यावरण को लेकर जागरूकता शिविर लगाया

**बाढड़ा।** कस्बे के किसान भवन में वीरवार को प्राकृतिक खेती और पर्यावरण पर कृषि विभाग के मार्गदर्शन में एक जागरूकता कैंप का आयोजन किया गया। प्राकृतिक खेती में जुड़ी बाढड़ा ब्लॉक समन्वयक बबीता बाना ने किसानों को प्राकृतिक खेती करने के बारे में प्रोत्साहित किया। उन्होंने बताया कि अत्यधिक मात्रा में कीटनाशक दवा और यूरिया खाद डालकर हमने खेती को जहर युक्त बना दिया है। धीरे.धीरे किसानों को अपने पुराने तरीकों को अपनाकर कुछ एकड़ खेती को प्राकृतिक रूप से करने के बारे में विचार करना चाहिए।

### साइबर वित्तीय धोखाधड़ी की 1930 पर तत्काल दें सूचना

**चरखी दादरी।** सोशल मीडिया के दौर में बढ़ते साइबर वित्तीय धोखाधड़ी के मामलों को ध्यान में रखते हुए सावधान रहने की जरूरत है। ऐसे मामलों की तत्काल सूचना देने के लिए केंद्रीय गृह मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही हेल्पलाइन नंबर 1930 पर संपर्क सकते हैं। उपायुक्त मनदीप कौर ने कहा कि पिछले कुछ सालों से लोगों में ऑनलाइन शॉपिंग के बढ़ते क्रेज के कारण अक्सर लोग सोशल मीडिया पर बंपर डिस्काउंट, लॉटरी या फिर इनामी विज्ञापनों के झांसे में आ जाते हैं।

### दादरी में चलाया नशा मुक्ति जागरूकता अभियान

# युवा पढ़ा लिखा एवं समझदार होगा तभी राष्ट्र करेगा तरक्की: डीएसपी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** नशे के प्रति जागरूकता अभियान चलाए जाने की शपथ दिलाते हुए। फोटो : हरिभूमि

नशा मुक्ति अभियान के तहत दादरी के डीएसपी नरेन्द्र सिंह ने बड़ा शिव मंदिर के नजदीक रोहतक चौक स्थित सवर्म इंस्टीट्यूट में नशा मुक्ति जागरूकता अभियान चलाया। इस दौरान इंस्टीट्यूट के निदेशक अमित मोठसरा व स्टॉफ सदस्यों के साथ.साथ बच्चों ने डीएसपी नरेन्द्र सिंह व उनके साथ आए हवलदार राजेश, ड्राईवर सतीश व रीडर सुनील का स्वागत फूल.मालाओं से किया। डीएसपी नरेन्द्र सिंह नशा मुक्ति अभियान की शुरुआत करते हुए बच्चों को सम्बोधित किया और कहा कि जिस देश का युवा पढ़ा.लिखा और समझदार होगा, वह देश उतना ही तरक्की करेगा। युवाओं के कंधे पर ही देश का भविष्य निर्भर करता है। आज का युवा भटक गया है। वह नशे की लत में आदी होकर अपना जीवन बर्बाद कर रहा है। इसलिए आज हम सबको नशा मुक्ति समाज बनाने का संकल्प लेना चाहिए। डीएसपी नरेन्द्र सिंह ने बच्चों को नशे के दुष्प्रभाव के बारे में बताया। साथ ही बच्चों से नशे से दूर रहने हेतु प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों को उदाहरण देकर बताया गया कि कैसे अधिकांश अपराधों की जड़ नशा है और कैसे हम नशे से दूर रहकर अपने भविष्य को बेहतर बना सकते हैं। वहीं बच्चों को नशा मुक्ति के लिए संकल्प दिलाया कि ना हम खुद नशा करेंगे ना अपने अगल.बगल नशा करने वालों को देख चुप बैठेगे। जो व्यक्ति नशे के आदि हो चुके हैंए उन्हें वापस लाकर नया सवेरा अभियान के क्त्रम में जागरुक करेंगे। उन्होंने कहा कि आज हमें नशे की चुनौती से निपटने के लिए मिलकर कार्य करना होगा। अगर हम निष्ठा से कार्य करेंगे तो परिणाम भी अच्छे मिलेंगे। इस अवसर पर लक्ष्य, निकिता, वर्षा, रश्मी, राबिया, भावना, रिद्धी, आरती, दिया, दक्ष,विश्वजीत, सक्षम, रिहान, साद, सचिन, निखिल, अमनदीप, अमन मित्तल सहित 20 विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने की शपथ ग्रहण की। कायक्रम को सफल बनाने में इंस्टीट्यूट के स्टॉफ सदस्य लुकेश ठाकुर, प्रदीप सैनी, रवि शंकर शर्मा, शिवानी आदि स्टॉफ सदस्यों का विशेष सहयोग रहा।

# चरखी फुटबॉल क्लब का मुख्य उद्देश्य खेल प्रतिभा को निखारना और बढ़ाना

हरिभूमि न्यूज ▸▸ चरखी दादरी



**चरखी दादरी।** विजेता खिलाड़ियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि। फोटो : हरिभूमि

चरखी फुटबॉल क्लब द्वारा चरखी गांव में आयोजित साप्ताहिक जिला स्तरीय फुटबाल लीग का समापन हो गया। प्रतियोगिता में पूरे जिला के खिलाड़ियों ने अपना दमखम दिखाया। साप्ताहिक प्रतियोगिता को चरखी फुटबॉल क्लब द्वारा आयोजित किया गया था।

क्लब सचिव अशोक कुमार ने बताया कि साप्ताहिक लीग चार आयु वर्ग के खिलाड़ियों के बीच खेली गई। इसमें अंडर-8, अंडर-10, अंडर- 14, अंडर- 17 के तहत खिलाड़ियों ने सभी के बीच अपने फुटबाल कौशल को रखा था। समापन समारोह के दौरान बतौर मुख्यातिथि आर्यन कोचिंग सेंटर संचालक मास्टर रविन्द्र सांगवान ने शिरकत की। उन्होंने लीग में विजेता व उपविजेता रही टीमों व उनके खिलाड़ियों को मेडल देकर सम्मानित किया। खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में खेल के महत्व के बारे में बताते हमेशा इमानदारी से खेलने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि जीवन में संघर्ष करने व जीतने का अगर श्रेष्ठ उदाहरण हमें देखना है तो किसी भी खेल प्रतियोगिता से इसे समझ सकते हैं। फुटबॉल कोच विश्वजीत चौधरी ने बताया कि चरखी फुटबाल क्लब का मुख्य उद्देश्य ही दादरी जिले के महिला पुरूष दोनों वर्गों से खिलाड़ियों के खेल को तराश कर आगे बढ़ाना है। जिससे कि हमारा जिला इस खेल के जरिए पूरे प्रदेश व देश में नाम रोशन कर सके।

**ये रहे मौजूद:** इस अवसर पर, सतपाल, प्रदीप, महिपाल, लाला, राकेश, राजेश, जयभगवान, नरेंद्र, बृजेश, पंकज, राजेश, लक्ष्य, आयुष, अमरपाल, हेमराज, राजा आदि उपस्थित थे।

### पीने के पानी व बिजली की समस्या का संकट गहराया: कमल सिंह

- पक्ष व विपक्ष के नेता पानी व बिजली की समस्या पर दे ध्यान



कमल सिंह प्रधान

**भिवानी।** आज जिले व प्रदेश में पीने के पानी व बिजली की समस्या का संकट दिन प्रतिदिन गहराता जा रहा है। इसकी तरफ सत्ता पक्ष व विपक्ष के नेताओं को ध्यान देना चाहिए और इस समस्या का स्थाई समाधान करवाना चाहिए। यह बात युवा कल्याण संगठन के संयोजक कमल सिंह प्रधान ने पीने के पानी की समस्या पर बोलते हुए कही। उन्होंने कहा कि भीषण गर्मी में पीने के पानी की समस्या बढ़ती जा रही है। लोग तराही.तराही कर रहे हैं। पीने के पानी के लिए 500 रुपये से अधिक के टैंकर मंगवाने को मजबूर हो रहे हैं। दिन में बिजली घंटों .घंटों गुल होने के कारण घरों में लगे इनवर्टर बैटरी भी जवाब दे रहे हैं जिसके कारण लोगों को पूरा दिन गर्मो से हवा करने को मजबूर होना पड़ रहा है। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि शीघ्र से शीघ्र पीने के पानी व बिजली की समस्या का स्थाई समाधान नहीं किया तो वे किसान संगठनों व विभिन्न सामाजिक संगठनों के साथ मिलकर प्रदर्शन करने पर मजबूर होंगे।

# नागरिकों ने दी समाधान प्रकोष्ठ को 46 शिकायतें



भिवानी। लोगों की समस्याएं सुनते एसपी। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी

- एडीसी हर्षित कुमार व पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने मौके पर ही निपटाया अधिकतर समस्याओं को

एडीसी हर्षित कुमार व पुलिस अधीक्षक वरूण सिंगला ने लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में समाधान शिविर में लोगों की 46 समस्याएं सुनी। उन्होंने लोगों की अधिकतम समस्याएं मौके पर ही निपटाई। उन्होंने जो शिकायतें मौके पर निपटाने की थी, उनका तत्काल समाधान कर दिया और जो शिकायतें तत्काल संभव नहीं थी, उनके लिए संबंधित अधिकारियों को प्राथमिकता से समाधान करने के निर्देश दिए। समाधान शिविर में लोगों की समस्याएं सुनने के दौरान एडीसी ने बताया कि सरकार ने समाधान प्रकोष्ठ का गठन करके आमजन की शिकायतें दूर करने का नायाब तरीका निकाला है। इन शिविरों के माध्यम से आमजन को एक ही स्थान पर अपनी समस्या का शीघ्र समाधान मिल रहा है। इस दौरान एडीसी ने लोगों की प्रॉपर्टी आईडी, परिवार पहचान पत्र, राशन कार्ड तथा विभिन्न सामाजिक सुरक्षा पेंशनों आदि से संबंधित मामलों की समस्याएं सुनी और संबंधित विभाग के अधिकारियों को इन मामलों को अतिशीघ्र निपटाने के निर्देश दिए। वहीं पुलिस अधीक्षक ने पुलिस विभाग से संबंधित समस्याओं को सुना। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ने जनता की समस्याओं का समाधान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाया है। हर रोज जिला व उपमंडल स्तर पर सुबह 9 से 11 बजे तक प्रत्येक कार्यदिवस पर समाधान शिविर का आयोजन किया जाता है। इस मौके पर समस्याओं को तत्परता से निपटाने के लिए सीटीएम विपिन कुमारए एसडीएम हरबीर सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहें।



**चरखी दादरी।** 13 बीडब्ल्यूएन :सहायता राशि देते हुए। फोटो : हरिभूमि

### पीड़ितों की मदद करना सबसे पुण्य का कार्य

**चरखी दादरी।** नौरंगाबास जाटान के निकट स्थित गुजरो की ढाणी निवासी आर्थिक रूप से कमजोर परिवार से संबंध रखने वाले तथा मेहनत मजदूरी करके अपने परिवार का पालन पोषण कर रहे बिहारी पुत्र हेमराज की संकट की घडी में काम आते हुए हरियाणा के माइनिंग व क्त्रेशर एसोसिएशन प्रधान व वरिष्ठ समाजसेवी सोमवीर घसौला द्वारा नर सेवा नारायणी सेवा की मुहिम को आगे बढाया गया। अचानक हुई आगजनी से पीडित परिवार को सोमवीर घसौला द्वारा नकद राशि की मदद स्वरूप भेंट किए गए। गौरतलब है कि गुजरों की ढाणी में रहने वाले बिहारी पुत्र हेमराज के घर में शार्ट सर्किट के चलते अचानक ही आगजनी की घटना हो गई। इसमें गरीब परिवार की तीन गाय भैंस व घरेलू सामान जल कर स्वाह हो गया। गरीब परिवार की कमर इस आगजनी की घटना के चलते पूरी तरह से टूट गई। घटना का पता चलते ही समाजसेवी सोमबीर घसोला गांव गुजरो की ढाणी पहुंचे व पीडित परिवार को सहायता स्वरूप अपने निजी कोष से 1 लाख रुपए नगद राशि देकर हिम्मत प्रदान करने का काम किया। इसके साथ ही उन्होंने इस दुख की घड़ी में पीडित परिवार के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया। सोमबीर घसोला ने प्रशासन को भी इस घटनाक्त्रम से अवगत कराते हुए पीड़ित परिवार की अधिक से अधिक मदद करने की अपील की।

### बाढ़ड़ा के वीर इंटरनेशनल स्कूल को मिली तीरंदाजी खेल नर्सरी



**बाढड़ा।** स्कूल परिसर में तीरंदाजी के लिए तैयार किया गया खेल मैदान

**बाढ़ड़ा।** बाढ़ड़ा स्थित वीर इंटरनेशनल स्कूल को तीरदांजी खेल नर्सरी मिली है। जिससे तीरंदाजी के खिलाड़ियों में खुशी का माहौल है। 14 जून को स्कूल परिसर में ट्रायल होगा। नर्सरी में तीरंदाजी के लिए सरकार द्वारा विशेष कोच व दूसरी सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। विद्यालय निदेशक हेमंत श्योराण ने वीरवार को जानकारी देते हुए बताया की वीर इंटरनेशनल स्कूल के ग्राउंड में तीरंदाजी की ट्रायल 14 जून को शाम 6 बजे लड़कों और लड़कियों की नर्सरी के लिए ट्रायल होगी। इसके लिए बच्चे की उम्र 8 साल से 19 साल के बीच होनी चाहिए। 8 से 14 साल वाले जिन बच्चों का चयन होगा उनको 1500 रुपए प्रत्येक महीने दिए जाएंगे और जिनकी उम्र 15 से 19 के बीच है उनको 2000 रुपये सरकार की तरफ से खेल विभाग देगा। उन्होंने बताया कि आवश्यक दस्तावेज आधार कार्ड, पैन कार्ड,फैमिली आईडी, जन्म प्रमाण पत्र एदो फोटो एबैंक का अकाउंट की कॉपी आदि दस्तावेज की मूल प्रति व फोटोकॉपी जरूरी है।

**बा अदालत जनाब तहसीलदार साहब साधिकार सहायक कलैक्टर दर्जा दोयम तोशाम**

कर्मबीर

बनाम राजकुमार, कृष्ण आदि।

**मुकदमा नं. 6-टी/29.09.2023**

दरखास्त तकसीम

**तारीख पेशी - 11.06.2024**

**प्रकाशन अखबार जारी -**

1- राजकुमार, 2- कृष्ण 3- दर्शन कुमार 4- सजीव कुमार पुत्रान 5- श्रीमति सवित्रि 6- कृष्णा 7 बिना 8 मजूं 9 मीरा पुत्रीयान कर्मचन्द पुत्र इजत राम 10- ओमप्रकाश, 11- सत्यप्रकाश पुत्रान रामचन्द्र पुत्र इजत राम 12 विजय कुमार पुत्र 13 शशी कला पत्नी श्री नवीन कुमार पुत्र श्री पुर्ण चन्द निवासीयान खानक तह. तोशाम जिला भिवानी (असल उतरवादीगण) 14 महेन्द्र सिंह पुत्र श्री गुलाब सिंह पुत्र श्री इन्दराज निवासी खानक तह. तोशाम जिला भिवानी (तरतीबी उतरवादीगण)।

उपरोक्त बाअनुमान केश में फरीक दोयमण को सूचित नहीं किया जा सका। ये आदेश दिया जाता है कि फरीक दोयगण असालतन या अधिकवक्ता के माध्यम से दिनांक 02.07.2024 को समयं प्रातः 10:00 बजे हाजिर हो।

**Sd/- A.C. II Grade, Tosham**

खेवट नं. 1195/1106 खतौनी नं. 1528, खसरा किला नं. 29//16 (8-0), -25 (8-0) किते 2 कुल तादादी 16 कनाल 0 मरले वाका मौजा खानक तह. तोशाम, जिला भिवानी बरूवे जमाबंदी, साल 2020-2021.

दायर बाद की कॉपी साथ संलग्न है।

**बा अदालत जनाब तहसीलदार साहब साधिकार सहायक कलैक्टर दर्जा दोयम तोशाम**

कर्मबीर

बनाम प्रवीन कुमार पुत्र रणबीर सिंह आदि।

**मुकदमा नं. 5-टी/29.09.2023**

दरखास्त तकसीम

**तारीख पेशी - 11.06.2024**

**प्रकाशन अखबार जारी-**

1- प्रवीन कुमार पुत्र रणबीर सिंह पुत्र श्री निहाल सिंह 2- श्रीमति मनीष पत्नी श्री राजेश पुत्र श्रीचन्द 3 विरेन्द्र सिंह पुत्र श्री पृथ्वी सिंह पुत्र तिरखाराम निवासीयान खानक तह. तोशाम जिला भिवानी (असल उतरवादीगुण), 4- महेन्द्र सिंह पुत्र श्री गुलाब सिंह पुत्र श्री इन्दराज निवासी खानक तह. तोशाम जिला भिवानी (तरतीबी उतरवादीगण )।

उपरोक्त बाअनुमान केश में फरीक दोयमण को सूचित नही किया जा सका। ये आदेश दिया जाता है कि फरीक दोयगण असालतन या अधिकवक्ता के माध्यम से दिनांक 02.07.2024 को समय 10:00 बजे हाजिर हो।

**Sd/- A.C. II Grade, Tosham**

खेवट नं. 1150/1062 खतौनी नं. 1416, खसरा व किला नं. 6-2 (2-15) -15 (3-3), 131//10/2/2 (1-7) किते 3 रकबा तादादी 7 कनाल 5 मरला वाका मौजा खानक तह. तोशाम, जिला भिवानी बरूवे जमाबंदी, साल 2020-2021.

दायर बाद की कॉपी साथ संलग्न है।

**बा अदालत जनाब तहसीलदार साहब साधिकार सहायक कलैक्टर दर्जा दोयम तोशाम**

कर्मबीर

बनाम लाजवन्ती पत्नी सन्त लाल आदि।

**मुकदमा नं. 04-टी/29.09.2023**

दरखास्त तकसीम

**तारीख पेशी - 11.06.24**

**प्रकाशन अखबार जारी -**

1- लाजवन्ती विधवा, 2-श्री राजकुमार 3- मनोज कुमार पुत्रान 4. लता 5. शालिनि पुत्रीयान श्री सन्तलाल पुत्र श्री किशनदास निवासीयान कृष्णा कालोनी भिवानी तह. व जिला भिवानी (असल उतरवादीगण), 4- महेन्द्र सिहं पुत्र श्री गुलाब सिहं पुत्र श्री इन्दराज निवासी खानक तह. तोशाम जिला भिवानी (तरतीबी उतरवादीगण)।

उपरोक्त बाअनुमान केश में फरीक दोयमण को सूचित नही किया जा सका। ये आदेश दिया जाता है कि फरीक दोयगण असांलतन या अधिकवक्ता के माध्यम से दिनांक 02.07.2024 को समय 10:00 बजे हाजिर हो ।

**Sd/- A.C. II Grade, Tosham**

खेवट नं. 1148/1060 खतौनी नं. 1409, खसरा किला नं. 130// 5/1 (1-19), 131// 1/1, (6-5), किते 2 रकबा तादादी 8 कनाल 4 मरला वाका मौजा खानक तह. तोशाम, जिला भिवानी बरूवे जमाबंदी, साल 2020-2021.

दायर बाद की कॉपी साथ संलग्न है।

**बा अदालत जनाब तहसीलदार साहब साधिकार सहायक कलैक्टर दर्जा दोयम तोशाम**

कर्मबीर

बनाम देवेन्द्र पुत्र भगवानदास आदि।

**मुकदमा नं. 07-टी/29.09.2023**

**खेवट नं.** 1147/1/1059

दरखास्त तकसीम

**तारीख पेशी - 11.06.24**

**प्रकाशन अखबार जारी -**

1- देवेन्द्र पुत्र भगवानदास पुत्र श्री किशन दास 2- श्री हर्ष कुमार पुत्रान 3- नमीता पुत्री श्री भगवानदास पुत्र श्री किशनदास निवासीयान भिवानी तह. व जिला भिवानी (असल उतरवादीगण) 4- महेन्द्र सिहं पुत्र श्री गुलाब सिंह पुत्र श्री इन्दराज निवासी खानक तह. तोशाम जिला भिवानी (तरतीबी उतरवादीगण)।

उपरोक्त बाअनुमान केश में फरीक दोयमण को सूचित नही किया जा सका। ये आदेश दिया जाता है कि फरीक दोयगण असालतन या अधिकवक्ता के माध्यम से दिनांक 02.07.2024 को समय 10:00 बजे हाजिर हो ।

**Sd/- A.C. II Grade, Tosham**

खेवट नं. 1147/1059 खतौनी नं. 1407, खसरा नं. किला नं. 130// 5/2 (0-5), -6/1, (4-0), 131// 1/2 (0-10) -10/2/1 (3-8) किते 4 रकबा तादादी 8 कनाल 3 मरले वाका मौजा खानक तह. तोशाम, जिला भिवानी बरूवे जमाबंदी, साल 2020-2021.

दायर बाद की कॉपी साथ संलग्न है।



भिवानी। सत्संग में झुमते श्रद्धालु।

### श्रीमद् भागवत कथा के 5वें दिन किया श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन

**भिवानी।** बैंक कॉलोनी त्रिवेणी रोड़ पर सत्यनारायण टैंट वाली गली में श्रीमद् भागवत कथा भक्ति ज्ञान यज्ञ का आयोजन किया गया। भागवत कथा की शुरूआत 9 जून से की गई थीए जो कि 16 जून को हवन एवं भंडारे के साथ संपन्न होगी। भागवत कथा में कथा व्यास अनन्त श्री विभूषित बृजधाम सिद्ध पीठाधीश्वर भागवत रत्न राष्ट्रीय संत मुनिराज द्वारा कथा का वाचन किया जा रहा जा रहा है। वीरवार को भागवत कथा 5वें दिन भी जारी रही। इस दौरान कथाव्यास ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का वर्णन किया। कथा व्यास ने माखन चोरी लीला,पूतना वध आदि लीलाओं का विस्तार से वर्णन किया। इस दौरान भारी तादात में श्रद्धालुगण मौजूद रहे, जिन्होंने भागवत कथा का रसपान किया। कथा के 5वें दिन भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं का मंचन करने करते हुए राष्ट्रीय संत मुनिराज ने कहा कि भागवत कथा भागवत कथा धर्म एवं सच्चाई के मार्ग पर चलने के लिए हमें प्रेरित करती है, क्योंकि भगवान श्रीकृष्ण भागवत कथा के माध्यम से सच्चाई एवं धर्म को ही सर्वप्रथम बताया है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक व्यक्ति को चाहिए कि वे नकारात्मकता से दूर रहते हुए प्रभु भक्ति में मन लगाए।

### किसान सम्मान निधि योजना की किश्त जारी होने पर जताया आभार

**भिवानी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी किसानों की आय दोगुनी करने व उनके उत्थान के लिए के लिए विभिन्न योजनाएं क्त्रियान्वित कर रही है। इसी कड़ी में देश के किसानों की आर्थिक दशा सुधारने व उनकी आय में बढ़ोत्तरी करने के उद्देश्य से केंद्र सरकार द्वारा शुरू की गई प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना अब किसानों के लिए अब वरदान साबित होने लगी हैं। जिसके माध्यम से किसान को आर्थिक सहायता मिल रही हैए जिसका उपयोग वे अपने कृषि संबंधी कायारे् में कर लाभांवित हो रहे है। यह बात भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के जिला अध्यक्ष सुंदरपाल तंवर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किश्त जारी करने पर केंद्र सरकार का आभार जताते हुए कही।

# पेड़-पौधे जीवन जीने के लिए बहुत जरूरी



**तोशाम।** उपमंडल परिसर में पौधे रोपित करते एसडीएम।

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तोशाम

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा है कि निश्चित रूप से पेड़.पौधे जीवन जीने के लिए बहुत जरूरी हैं और हम सभी को नियमित रूप से पेड़ लगाना चाहिए। यह हमारे और हमारी पृथ्वी के लिए भी अच्छा है। उन्होंने कहा कि आने वाली पीढ़ियों के जीवन के लिए समय रहते पेड़.पौधे लगाने में गंभीरता दिखानी होगी। एसडीएम ने वीरवार को उपमंडल परिसर में अधिकारियों के साथ पौधारोपण किया।

एसडीएम मनोज कुमार दलाल ने कहा कि धरती पर जीवन तभी संभव है, जब हरियाली होगी। ऐसे में सभी नागरिकों का उत्तरदायित्व है कि वह अधिक से अधिक पौधरोपण कर पर्यावरण को बचाएं। एसडीएम ने पौधरोपण के साथ उनकी सुरक्षा का भी संकल्प दिलाया। एसडीएम ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए प्रत्येक व्यक्ति को पौधरोपण करने की जरूरत है। बेहतर स्वास्थ्य एवं पर्यावरण की सुरक्षा के लिए 'यादा से ज्यादा पौधे लगाने की आवश्यकता है। एसडीएम ने कहा कि वृक्ष हमारे जीवनदाता होते हैंए जो हमारे पर्यावरण को संतुलित रखते हैं।

### जिला प्रशासान योग दिवस के लिए कर रहा तैयारी

# योग से शरीर में ऊर्जा का निर्माण होता है

हरिभूमि न्यूज ▸▸ भिवानी



**भिवानी।** आयोजित शिविर में योग करते हुए। फोटो : हरिभूमि

योग शारीरिक शक्ति, सहन शक्ति और ऊर्जा निर्माण में मदद करता है। योग बच्चों व बड़ों के लिए एक दोस्त की तरह है, जो शरीर, दिमाग और भावनाओं के लिए एक स्वस्थ जीवन शैली को बढ़ावा देता है।

यह बात जिला योग कोर्डिनेटर डा. संजय वैद ने वीरवार को योग प्रशिक्षण शिविर के पहले दिन भीम स्टेडियम में उपस्थित लोगों के समक्ष कही। उन्होंने कहा कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस को सफल बनाने के लिए जिला प्रशासन एवं आयुष विभाग द्वार चलाए जा रहे योग प्रशिसक्षण शिविरों की श्रृंखला में 13 से 15 जून तक योग प्रशिक्षण शिविर का आज प्रथम दिन भीम स्टेडियम भिवानी में आयोजित किया गया। यह प्रशिक्षण शिविर सभी मंत्रीगणों, विधायकों, प्रशासनिक अधिकारियों व अन्य सभी विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों, पुलिस विभाग के कर्मचारियों व आमजन के लिए चलाया जा रहा है। जिला प्रशासन इसके लिए पूरी तैयारियां कर रहा है। इस शिविर में पूर्व हरियाणा योग आयोग के रजिस्ट्रार डा. हरीश चंद्र, डा. निशा योग स्पेशलिस्ट ने इस शिविर में योग की बारीकियों को बताया। योग शिविर में आयुष विभाग, स्वास्थ्य विभाग, खेल विभाग, शिक्षा विभाग के अधिकारियों, कर्मचारियों व बगों व आमजन ने भाग लिया। आयुष विभाग के गजानंद शास्त्री, कविता, मदन ने योगा प्रोटोकॉल करवाया। जिसमें सभी खडे होने वाले बैठने वाले व लेटने वाले आसन व प्राणायाम करवाए गए।



भिवानी। पानी की मांग को लेकर अधिकारियों से मिलने जाते हुए।

### शहर में चरमराई पेयजल व सीवरेज व्यवस्था अधिकारियों से मिले परेशान शहरवासी

**भिवानी।** भीषण गर्मी में शहरवासी इन दिनों पेयजल संकट से ही नहीं बल्कि दूषित पेयजल से भी परेशान हैं। जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों को चाहिए कि वो इन जनसमस्याओं का जल्द से जल्द समाधान करे यह बात वरिष्ठ कांग्रेस नेताएऑल इंडिया कांग्रेस कमेटी द्वारा नियुक्त कांग्रेस पार्टी के रेवाड़ी एवं महेंद्रगढ़ कॉर्डिनेटर डॉ.पवन बुवानी वाला ने शहर में चरमराई पेयजल व सीवरेज व्यवस्था के समाधान को लेकर जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग के अधिकारियों से मिलने पहुंचे शहरवासियों का नेतृत्व करते हुए कही। उन्होंने कहा कि शहर की अधिकतर कालोनियों में या तो पानी मिल ही नहीं रहा और किसी तरह मिल रहा है तो वह पीने लायक नहीं है। पिछले महीनेभर से शहरवासी भीषण जल संकट से जूझ रहे हैं। अधिकतर कालोनियों में तीन.तीन तक पानी नहीं आता तो विभाग एक दिन छोड़ एक दिन सप्लाई का दावा कर रहा है। पानी कम होने के कारण ट्यूबवेल का पानी सप्लाई में मिक्स किया जा रहा है। टेल तक पानी नहीं पहुंचने के कारण हर रोज औसतन एक सौ से अधिक टैंकर पानी सप्लाई तो स्वास्थ्य विभाग कर रहा है। इतने ही विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा चलाए जा रहे टैंकरों से हो रही है। काफी पानी लोग खरीदकर पीने को मजबूर हैं।

खबर संक्षेप

## मलेरिया व डेंगू से बचाव को लेकर रहें सतर्क

**चरखी दादरी।** गर्मी के मौसम में मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता है, जिससे मच्छर जनित रोग जैसे मलेरिया, डेंगू आदि के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आस-पास एवं घर के अन्दर मच्छरों के पनपने के स्थान या घरों के आस-पास होने वाले जल जमाव, गमले एवं पशु-पक्षियों के पानी पीने के पात्र एवं घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है।

## वन कर्मचारी संघ हरियाणा का राज्य सम्मेलन 15 को

**भिवानी।** वन कर्मचारी संघ हरियाणा का राज्य सम्मेलन आगामी 15 जून को सर्व कर्मचारी संघ भवन, सुखपुरा चौक रोहतक में आयोजित किया जायेगा। संघ की सांगठनिक कमेटी के संयोजक बलबीर सिंह व सदस्य अमित बुमराह ने बताया कि सम्मेलन में खाली पदों पर भर्ती कराने, कच्चे कर्मचारियों की सेवाएं नियमित कराने, पेंशन बहाली, कैशलेस मेडिकल सुविधा का लाभ आदि मुद्दों पर विचार कर आंदोलन की रूपरेखा तय की जायेगी।

## फुटबॉल नर्सरी के लिए ट्रायल कल

**बवानीखेड़ा।** हरियाणा सरकार व खेल एवं युवा कार्यक्रम विभाग भिवानी द्वारा अलॉट की गई गाँव जाटू लोहारी के सरकारी स्कूल के ग्राउंड में ट्रायल कल ली जाएगी ए जानकारी देते हुए ग्राउंड कोच पूर्व सूबेदार नेपाल सिंह तंवर ने बताया इच्छुक खिलाड़ी कल सुबह ठीक 9 बजे सरकारी स्कूल के फुटबॉल ग्राउंड में अपने आधार कार्ड और जन्म प्रमाण पत्र के साथ पहुँचे और ट्रायल देकर सरकारी फुटबॉल नर्सरी की टीम का हिस्सा बनें।

## मुख्यमंत्री राहत कोष समीक्षा कमेटी की मीटिंग आयोजित

**चरखी दादरी।** उपायुक्त मनदीप कौर के निर्देशों पर नगराधीश आशीष सांगवान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री राहत कोष के अंतर्गत आर्थिक सहायता के लिए जिला स्तरीय कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मुख्यमंत्री राहत कोष के तहत इलाज के लिए आर्थिक लाभ लेने के लिए प्राप्त हुए आवेदनों की समीक्षा की गई।

## जगदीश प्रधान की पत्नी के निधन पर जताया शोक

**बाढ़ड़ा।** हंसावास कलां के लंबे समय तक युवा कलब व श्री श्याम मंदिर कमेटी के प्रधान रहे जगदीश प्रधान की पत्नी राजवंती का निधन हो गया। वे पिछले कुछ समय से बीमार चल रही थी। उनके निधन पर अनेक लोगों ने गहरी संवेदना प्रकट की है।

### सरकार नहीं कर रही सफाई कर्मचारियों की मांगें पूरी : दानव

# सरकार की वादाखिलाफी के विरोध में सड़कों पर उतरे सफाई कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी


- डीएमसी के माध्यम से निकाय मंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा

नगर पालिका कर्मचारी संघ के बैनर तले सफाई कर्मचारियों ने वीरवार को शहर में प्रदर्शन करते हुए डीएमसी के माध्यम से शहरी स्थानीय निकाय मंत्री के नाम मांग पत्र सौंपा तथा मानी गई मांगें जल्द से जल्द पूरी किए जाने की गुहार लगाई। इस दौरान सफाई कर्मचारियों ने आरोप लगाया कि भाजपा उनके साथ हुए समझौते पर काम नहीं कर रही तथा बार.बार वायदे करके उन्हे गुमराह कर रही है, जिसके चलते उन्हे बार.बार सडक़ों पर उतरना पड़ रहा है। मांगपत्र सौंपते हुए नगर पालिका कर्मचारी संघ के प्रदेश सचिव पुरूषोत्तम दानव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों ने अक्तूबर 2022 व अप्रैल 2023 के समझौते में मानी गई मांगें को पूरा करने, सफाई एवं सीवर मेनो के रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति, न्यूनतम वेतन 24 हजार देन व झाड़ू भत्ता, सफाई भत्ता, वर्दी, जूते तेल व साबुन आदि की सुविधा देने, ईएसआईए ईपीएफ का लाभ देने, पुरानी पेंशन बहाल करने, हरियाणा कौशल रोजगार निगम को भंग करने, ठेकों में लगे कर्मचारियों को विभाग के रोल पर करने, अनुबंध आधार पर लगे सफाई कर्मचसारियों व सीवर मैनों को नियमित करने, नगर निगम गुरूग्राम के बर्खास्त किए गए 26 हजार कर्मचारियों को बहाल करनेए तृतीय व चतुर्थ श्रेणी के कर्मचारियों व फायरमैन एवं ड्राइवरों के नए पद सृजित करने, योग्यता पूरी करने पर फायर ऑपरेटरों के पदों पर फायर ड्राइवर व फायर मैनों को समायोजित किए जाने, वेतन विसंगतियां दूर करने, तृतीय व चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को 100.100 वर्ग गज के प्लॉट या आवासीय सुविधा दिए जाने, जोखिम भत्ता, क्लकार्ं को 35400 व ग्रुप डी के कर्मचारियों को 29100 रूपये वेतन, सहित अन्य मांगों का मांगपत्र सौंपा। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार सफाई कर्मचारियों के साथ वेरभाव की नीति अपनाए हुए है तथा उनकी मांगों को माने जाने की बजाए उन्हे आश्वासन पर आश्वासन दे रही है। उन्होंने कहा कि आज मांगपत्र के माध्यम से सरकार को अपना वायदा याद दिलाया गया है। यदि अब भी सफाई कर्मचारियों की मांगें नहीं मानी गई तो वे अपना प्रदर्शन तेज करने पर मजबूर होंगे। इस अवसर पर विजय कुमार, रविंद्र, कुलदीप, मोहन, सुनील, कुलवीर, सतबीर सिंह, राजेंद्र, भीम सिंह, विनोद, महिपाल सहित अन्य कर्मचारी भी मौजूद रहे।






**भिवानी।** शहर में जुलूस निकालते नप कर्मचारी तथा मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते नप कर्मचारी।



**तोशाम।** मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपते हुए। फोटो : हरिभूमि

# खराब हुई फसल का मुआवजा देने की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ तोशाम

- किसान सभा ने एसडीएम के नाम सौंपा ज्ञापन

6 जून को आए अंधड़ से नरमा की कपास की फसल की विशेष गिरदावरी करवाकर 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुआवजा देने की मांग को लेकर एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। अखिल भारतीय किसान सभा के प्रधान कर्णसिंह जैनावास ने बताया कि 6 जून को तेज अंधड़ के कारण तोशाम क्षेत्र में किसानों की कपास की फसल जल गई। जिससे किसानो को काफी नुकसान हो गया। इसकी विशेष गिरदावरी करवाकर 50 हजार रुपये प्रति एकड़ मुसावजा दिया जाए। 2023 में गुलाबी सुंडी से नष्ट हुई फसल का बीमा क्लेम व बिना बीमित किसानों को उचित मुआवजा दिया जाए। अप्रैल व मई महीनों में किसानों द्वारा मंडी में डाली गई सरसों व गेंहू की फसल का भुगतान ब्याज सहित किया जाके व बैंक से 50 हजार रूपये की कैप को हटाया जाए। शहरों व गांवों में पीने के पानी की समस्या को दूर किया जाए व जोहड़ो को नहरों के पानी से मवेशियों के लिए भरा जाए। परिवार पहचान पत्र में खामियों के कारण लोगों को लाभ नहीं मिल रहा है गांवों गांवों कैंप लगाकर उनको डोर किया जाए ताकि लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ मिल सके। तोशाम शहर में चोरी घटनाओं को अंकुश लगाया जाए। ज्ञापन के माध्यम से अखिल भारतीय किसान सभा ने मां की है कि तोशाम में 2 तहसीलदार हैं इनको शक्तियां देने के लिए सरकार को लिखा जाए ताकि लोगों का समय पर काम हो सके। कम्प्यूटर पैमाइश के नाम पर लूट बन्द की जाए।

# पेयजल के लिए सांसद धर्मबीर को सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- सांसद ने दादरी रोड बूस्टर से पानी की सप्लाई के दिए आदेश

नगर परिषद के वार्ड नं. 27 से पार्षद गोविंद राम शर्मा उर्फ बिल्लू बादशाह व वार्ड नं. 24 से पार्षद संजू ने पीने के पानी की समस्या को लेकर भिवानी.महेन्द्रगढ़ से सांसद धर्मबीर सिंह को ज्ञापन सौंपा।

पार्षद गोविंद राम शर्मा उर्फ बिल्लू बादशाह ने बताया कि इन दोनों वार्डाें में पिछले कई वर्षाें से पीने के पानी की प्रचंड समस्या बनी हुई है। उन्होंने बताया कि इन दोनों वार्डाें में महम रोड़ स्थित पुराना वाटर वर्क्स से पहुंचाया जाता है जोकि हमारे देनों वार्डाें से काफी दूरी पर है। जिस वजह से पानी का प्रेशर नहीं बन पाता व वार्ड के एक बड़े हिस्से में पानी नहीं पहुंच पाता।

उन्होंने बताया कि दादरी रोड बूस्टर दोनों वार्डाें के नजदीक पड़ता है जोकि दोनों वार्डाें में पानी की पूर्ती करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि अंचल अस्पताल पर पहले से ही वाल लगा हुआ है।

इस वाल को लगभग 100 फिट की दूरी पर नीमपाल सिंह चौक नजदीक एचडीएफसी बैंक दिनोद गेट पर लगा दिया जाए, जिससे की इस समस्या का हल हो सके। सांसद धर्मबीर सिंह ने उनकी समस्या को सुनते हुए तुरंत वार्ड नं. 27 व 24 में पानी की सप्लाई दादरी रोड बूस्टर से किए जाने की कार्रवाई करने के आदेश दिए।

# 19 गांवों में हेल्थ सब सेंटर भवनों का होगा पुनर्निर्माण

- निर्माण कार्यों के लिए लगभग 11.16 करोड़ की राशि जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चरखी दादरी

दादरी जिले के 19 गांवों के बदहाल हेल्थ सबसेंटर भवनों का पुनर्निर्माण किया जाएगा। सब सेंटर भवनों के निर्माण के लिए लगभग 11.16 करोड़ रूपए की धनराशि जारी कर दी गई हैं। विधायक नैना सिंह चौटाला ने बताया की पंचायतीराज विभाग द्वारा हेल्थ सब सेंटर के निर्माण की प्रक्रिया कर दी हैं। जल्द ही सभी भवनों के पुनर्निर्माण का काम शुरु हो जाएंगा। सब-सेंटरों के भवन का पुनर्निर्माण हो जाने से गांव स्तर पर आधुनिक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी और आमजन को काफी लाभ मिलेगा। गांव भांडवा में 47.86 लाख, जीतपुरा-भारीवास में 61.30 लाख, बौंद खुर्द में 55.36 लाख, घसौला में 61.78 लाख, मकड़ाना में 57.22 लाख, मौड़ी में 65.63 लाख, गांव चांगरोड में 56.56 लाख, चंदेनी में 63.11 लाख, गांव ऊण में 60.24 लाख, कलियाणा में 60.73 लाख, मिसरी में 62.52 लाख, रावलधी में 55.81 लाख, बिगोवा में 61.53 लाख, फतेहगढ में 54.63 लाख, लोहरवाडा में 55.86 लाख, मोरवाला में 63.64 लाख, सांजरवास में 59.26 लाख, बास में 58.61 लाख और गांव रासीवास में 54.63 लाख रुपए सें हेल्थ सब सेंटरों के भवनों का नवनिर्माण करवाया जाएंगा।

### सात गांवों की फिरनी होंगी पक्की

विधायक नैना सिंह चौटाला ने बताया कि गांव में फिरनीयों के निर्माण की प्रक्रिया लगातार जारी हैं। उन्होंने बताया गांव नौसवा में 22.82 लाख, सारंगपुर में 26.45 लाख, बरसाना में 36.61 लाख, रामबास में 64.51 लाख, पैंतावास खुर्द में 62.01 लाख, मौड़ी में 40.27 लाख, लांबा में 61.88 लाख रूपये की लागत से फिरनीयों का निर्माण करवाया जाएगा। विधायक नैना सिंह चौटाला ने बताया की दादरी जिले के विकास के लिए हम वचनबद्ध हैं। निकट भविष्य में ही दादरी क्षेत्र विकास के दृष्टिकोण प्रदेशभर में अव्वल स्थान पर स्थापित होगा।

# इंटेंसिव फिशरीज डेवलपमेंट योजना का लाभ लें जिलावासी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- बेरोजगार जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय में कर सकते हैं आवेदन

डीसी नरेश नरवाल ने कहा कि जनकल्याण के लिए सरकार द्वारा नागरिकों के लिए अनेक जनकल्याणकारी योजनाएं चलाई जा रही है। इनमें से एक फार दा इंटेंसिव फिशरीज डेवलपमेंट योजना हैं। बेरोजगार व्यक्ति मत्स्य पालन विभाग की फार दा इंटेंसिव फिशरीज डेवलपमेंट योजना का लाभ लेने के लिए लघु सचिवालय स्थित जिला मत्स्य अधिकारी कार्यालय के कमरा नंबर 115 में आवेदन जमा करवा सकते हैं। योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए जिला मत्स्य अधिकारी सिकंदर सिंह सांगवान ने बताया कि इस योजना के तहत मछली पालन के लिए पट्टे पर लिए गए तालाबों पर प्रथम वर्ष पट्टा राशि 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर अथवा वास्तविक पट्टा राशि का 50 प्रतिशत दोनों में से जो भी कम है व इसकी अधिकतम सीमा 2 लाख रुपए है। जाल खरीद पर मत्स्य पालकों को 40 हजार रुपए की खरीद पर 60 प्रतिशत अनुदान देने की व्यवस्था है। उन्होंने बताया कि मत्स्यक पलकों को खाद खुराक पर 1 लाख 50 हजार रुपए प्रति हेक्टेयर व 40 प्रतिशत की दर से सामान्य श्रेणी के 60 प्रतिशत की दर से अनुसूचित जाति महिला लाभार्थियों को अनुदान प्रदान किया जाएगा। उन्होंने बताया कि तालाब सुधार पर 3 वर्ष या इससे अधिक पर नवीनीकरण किए जाने का प्रावधान किया गया है। पंचायती तालाब व निजी तालाब के तहत कुल परियोजना लागत 2 लाख रुपए प्रति हेक्टेयर की दर से सामान्य श्रेणी के लिए कुल परियोजना लागत का 40 प्रतिशत तथा अनुसूचित जाति महिला लाभार्थियों के लिए परियोजना लागत का 60 प्रतिशत अनुदान प्रदान किया जाएगा। मछली एवं मछली उत्पादन की बिक्री के लिए उक्त मद के तहत 60 हजार रुपए की रेहड़ी खरीद पर 60 प्रतिशत या अधिकतम धन राशि पर 36 हजार रुपए प्रति लाभार्थी जो भी कम होगा अनुदान के रूप में दिया जाएगा। उन्होंने इन योजनाओं का बेरोजगार व्यक्तियों से अधिक से अधिक लाभ उठाने का आह्वान किया है।

# मलेरिया से बचाव को लेकर रहें सतर्क

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

- स्वास्थ्य विभाग मलेरिया रोधी माह के रूप में जून महीने को मना रहा

डीसी नरेश नरवाल ने कहा कि गर्मी के मौसम में जगह.जगह जलभराव एवं गंदगी होने से मच्छरों का प्रकोप बढ़ जाता हैए जिससे मच्छर जनित रोग जैसे मलेरियाए डेंगू आदि के संक्रमण का खतरा भी बढ़ जाता है। ऐसे में घर के आस.पास एवं घर के अन्दर मच्छरों के पनपने के स्थान या घरों के आस.पास होने वाले जल जमावए गमले एवं पशु.पक्षियों के पानी पीने के पात्र एवं घरों की छतों पर रखी अनुपयोगी वस्तुओं का समुचित निस्तारण किया जाना अति आवश्यक है। इसे देखते हुए स्वास्थ्य विभाग की ओर से मच्छर जनित बीमारियों को रोकने के लिए मलेरिया रोधी माह मनाने का निर्देश दिया है। यह अभियान 30 जून तक जारी रहेगा। डीसी नरवाल ने कहा कि आमजन को गर्मी के मौसम में मलेरिया,डेंगू आदि से सजग व सतर्क रहना होगा। इसी के मद्देनजर सरकार द्वारा 30 जून तक मलेरिया रोधी माह मनाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में स्वास्थ्य विभाग का अहम रोल रहेगा। स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया व डेंगू की पुष्टि के लिए जांच की जाएगी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में बुखार पीड़ित व्यक्तियों के चिह्नांकन की जिम्मेदारी आशाए एएनएम व आंगनवाड़ी कार्यकर्ता की है। लक्षण से पीड़ित मरीजों की पहचान कर उन्हें स्वयं या सीएचसी व प्राथमिक पीएचसी भेजकर जांच की जाए। उन्होंने जन समुदाय से अपील की है कि मच्छरों से बचने के लिए पूरी आस्तीन के कपड़े पहनें एवं सोते समय मच्छरदानी का उपयोग करें।

### प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया दमखम

**चरखी दादरी।** जिला स्तरीय खेल महाकुंभ एथलेटिक प्रतियोगिता में गांव निमली के खेल मैदान के बच्चों ने शानदार उपलब्धि प्राप्त की। कोच नवीन कुमार कन्हेटी ने बताया कि दीपिका महला ने 400 मीटर में प्रथम, मोहित ने लोंग जम्प में दूसरा, सोनिया ने 3000 मीटर में दूसरा स्थान, प्रिया ने 800 मीटर में दूसरा स्थान, आशु ने 1500 मीटर में दूसरा स्थान प्राप्त किया।

## सरकार के हर घर नल-हर घर जल दावे की पोल खोल रही पेयजल व्यवस्था : जयसिंह वाल्मीकि

**भिवानी।** सरकार एक तरफ तो हर घर नल.हर घर जल का नारा हर घर तक स्वच्छ पेयजल पहुंचाने के दावे करती नहीं थकती, वही दूसरी तरफ पूरे बवानीखेड़ा कस्बा में पिछले काफी दिनों से पेयजल सप्लाई की समस्या गहराई हुई है, जिसके चलते नागरिक खासे परेशान है तथा कस्बा में गहराई पेयजल की किल्लत सरकार के इस दावे की पोल खोलती नजर आ रही है। यह बात कांग्रेस नेता जयसिंह वाल्मीकि ने कस्बा के विभिन्न गांवों पेयजल समस्या से परेशान नागरिकों को राहत पहुंचाने की मांग सरकार से करते हुए कही। इस दौरान जयसिंह वाल्मीकि ने गांव बड़सी के बूस्टिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया तथा ग्रामीणों से बातचीत की। जयसिंह वाल्मीकि ने कहा कि कस्बा बवानीखेड़ा में पेयजल संकट विकराल रूप ले चुका है तथा लोगों के घरों में कई.कई दिनों से पानी नहीं आ रहा, जिसके चलते उन्हे या तो दूर.दराज से पानी लाना पड़ता है या फिर टैंकरों से पानी खरीद कर पीना पड़ता है। सरकार हर व्यक्ति की मूलभूत आवश्यक पूरी किए जाने का दावा करती हैए लेकिन जब जनता समस्या के समाधान की मांग उठाती है तो आंख मूंद कर बैठकर जाती है, जिसका खामियाजा आम लोगों को उठाना पड़ता है।

# थल सेना में चयनित लेफ्टिनेंट शगुन का सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

गांव पुर निवासी शगुन यादव पुत्र स्वण सुनील यादव सन्नी के भारतीय थल सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित होने पर सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सम्मान समारोह का आयोजन उच्च शिक्षा विभाग से सेवानिवृत संयुक्त निदेशक डॉ. केएस यादव के सानिध्य में किया गया। समारोह की अध्यक्षता सुबेदार भान सिहं यादव ने की। डा. केएस यादव ने कहा कि उनके लाडले प्रपौत्र शगुन यादव ने पूरे परिवार एवं गांव का नाम रोशन किया है जोकि उनकी हार्दिक इच्छा थी। उन्होंने कहा कि ऐसे होनहार, मेहनती एवं कर्त्तव्यपरायण बच्चे देशभक्त एवं युवाओं के प्रेरणाश्रोत होते हैं। सुबेदार भान सिंह यादव ने कहा कि शगुन यादव की सकारात्मक, अच्छे संस्कारों एवं नैतिक मुल्यों वाली विचार धारा पर हमें गर्व है और हम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हैं। सम्मान समारोह में हरियाणा रोड़वेज से सेवानिवृत निरीक्षक शिवनारायण वशिष्ठ, सेवानिवृत ब्रांच बैंक मैनेजर गोवर्धनदास शर्मा, राज्यशिक्षक पुरस्कार से पुरस्कृत एवं सेवानिवृत प्राचार्य शीलकराम शर्मा, सेवानिवृत प्रवक्ता पीडी शर्मा, समाजसेवी रामधारी, समाजसेवी मामन राम शर्मा, सरपंच प्रतिनिधि अजय सनसनवाल, मा. सुनील सनसनवाल समेत अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।




**भिवानी।** लेफ्टिनेट शगुन यादव को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन नं. : 8295157800, 8814999151, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।
हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2000/-<br>रु. 2500/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज़ पर मान्य। अन्य किसी साईज़ के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
भिवानी : हरिभूमि, शॉप नं. 47, इम्प्रूवमेंट ट्रस्ट मार्केट, भिवानी
फोन : 8814999170, दादरी : 9253681008



### समीक्षा बैठक में सांसद धर्मवीर ने अधिकारियों को दिए निर्देश

# पानी की समस्या को लेकर गंभीरता से कार्य करें अधिकारी

- जनहित कार्यों में कोताही करने वालों के विरुद्ध होगी विभागीय कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिवानी

भिवानी.महेंद्रगढ़ लोकसभा क्षेत्र के सांसद धर्मवीर सिंह की अध्यक्षता में वीरवार को लघु सचिवालय स्थित डीआरडीए हॉल में पानी की समस्या को लेकर बैठक की गई, जिसमें अतिरिक्त उपायुक्त हर्षित कुमार सहित संबंधित विभागों के आला अधिकारी मौजूद रहे। बैठक में सांसद ने जनहित से जुड़े कार्याें और विशेषकर पीने के पानी की समस्या को लेकर अधिकारियों से जवाबतलबी की। सांसद धर्मबीर सिंह ने आज कड़ा रुख़ अख्तियार करते हुए उपस्थित अधिकारियों को कहा कि परिस्थिति चाहे जो भी हो क्षेत्र के शहर व गांवों में पानी की किल्लत को हर हाल में दूर किया जाएं।

अगर कोई अधिकारी कार्य में लापरवाही करता है तो उसके खिलाफ विभागीय कार्रवाई निश्चित तौर पर की जानी तय है। उन्होंने बैठक में कहा कि सभी कार्यालय अध्यक्ष उनसे संबंधित विभाग के कार्याें की प्रबंधन रूपरेखा को अच्छे ढ़ंग से बनाए ताकि लंबे समय तक कायों के करने में परेशानी नहीं उठाने पड़े और आमजन को सही समय पर मूलभूत सुविधाएं मिलती रहें। उन्होंने बैठक में अनुपस्थित रहने वाले अधिकारियों के विरुद्ध भी एक्शन लेने के लिए अतिरिक्त उपायुक्त को निर्देश दिए। सांसद धर्मबीर सिंह ने समीक्षा बैठक में उच्चाधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि गर्मी के मौसम को देखते हुए अधिकारियों व कर्मचारियों की कार्याें के प्रति जिम्मेदारी तय की जाएं। यदि ये अधिकारी इन कार्याें को करने में असमर्थ होते हैं तो उनके खिलाफ सख्त से सख्त कार्रवाई की जाए। बिजली विभागए जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग व सिंचाई विभाग आपसी तालमेल के साथ बिजली, पानी व सिंचाई पानी मुहैया करवाएं ताकि आमजन परेशान न हो। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देश दिए कि वे सबसे पहले टेल के लिए पानी दें ताकि टेल के क्षेत्र वाले जलघरों को समय रहते भरा जा सकें।




**भिवानी।** आयोजित बैठक में अधिकारियों को दिशा-निर्देश देते सांसद धर्मबीर सिंह। फोटो : हरिभूमि

## अवैध खनन पर डीसी ने लिया सख्त एक्शन

**चरखी दादरी।** उपायुक्त एवं जिला स्तरीय टास्क फोर्स समिति की अध्यक्ष मनदीप कौर अवैध खनन पर कड़ा संज्ञान लिया है। उपायुक्त की सिफारिश पर जिला खनन अधिकारी ने विभाग के महानिदेशक को पिचोपा कलां के एक स्टोन क्रेशर का लाइसेंस रद्द करने को लिखा है। लाइसेंस संख्या एल-81 के साथ मेसर्स धर्मपाल स्टोन क्रेशर, गांव पिचोपा कलां, जिला दादरी को 5 अक्तूबर 2023 से 04 अक्तूबर 2026 की अवधि के लिए स्टोन क्रेशिंग लाइसेंस प्रदान किया गया था। यह स्टोन क्रेशर गांव पिचोपा कलां के अधिकार क्षेत्र में आता है, जहां पिचोपा कलां-3 नामक खनन पट्टा, अर्थात मेसर्स जय दादा डोहला स्टोन माइन भी वर्तमान में संचालित है।